प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

'आज के मुख्य समाचार''

- कांगड़ा जिले में नया दुग्ध संयंत्र स्थापित करेगी सरकार–चार जिलों के पशुपालकों को होगा लाभ।
- कुल्लू जिला में पर्यटक वाहन दुर्घटना में 4 व्यक्तियों की मृत्यु और 19 अन्य घायल।
- राष्ट्रपति तथा उप–राष्ट्रपति ने देशवासियों को ईस्टर पर दी शुभकामनायें ।
- केंद्र सरकार द्वारा क्रियान्वित एच.पी.वी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को लगाया जा रहा सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका।

..............................................................

दुग्ध उत्पादन

राज्य सरकार ने डेयरी क्षेत्र में सहकार को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। इस साझेदारी के तहत कांगड़ा जिले में एक नया दुग्ध संयंत्र स्थापित किया जाएगा, जिससे कांगड़ा सहित ऊना, हमीरपुर और चंबा जिलों के दुग्ध उत्पादक भी लाभान्वित होंगे। सरकार के इस कदम से दूध संग्रहण और प्रसंस्करण सहित विपणन प्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि किसानों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। डेयरी क्षेत्र की नई तकनीकों और नवाचारों की जानकारी देने के लिए प्रदेश में पिछले 3 वर्षों में 2 हजार से अधिक किसानों को प्रशिक्षित किया गया है।

..............................................................

कुल्लू–दुर्घटना

कुल्लू जिला में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दिल्ली से घूमने आए पर्यटकों से भरी एक ट्रैवलर गाड़ी खाई में गिर गई। हादसे में चार पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 19 अन्य घायल हो गए। घायलों को तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। कुल्लू के पुलिस अधीक्षक मदन लाल ने बताया कि इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है जबकि घायल हुए 19 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत में सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

अधिक ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता............

*दिल्ली नम्बर का पर्यटकों से भरा ये टैंपो ट्रैवलर जलोड़ी दर्रे से बंजार की तरफ आ रहा था जब सोजा के समीन ये दुर्घटना हुई। इस पर्यटक वाहन में दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा व उत्तरप्रदेश के सैलानी सवार थे। वाहन के नीचे गिरते ही चीख पुकार मच गई तथा आसपास के गांव के लोग तुरंत मदद के लिए घटनास्थल पर पहुंचे तथा प्रशासन के बचाव अभियान दल के साथ मिलकर घायलों को बाहर निकाला। घायलों को उपचार के लिए बंजार अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी भी मौके पर पहुचें तथा वचाव एवं राहत कार्यों का जायजा लिया। आकाशवाणी के लिए कुल्लू से आशीष शर्मा......*

...............................................................

सरकार –पेट्रोलियम उत्पाद

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धंता सुनिश्चित करने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। मंत्रालय ने नागरिकों को घबराहट में पेट्रोल और डीजल खरीदने तथा रसोई गैस की अनावश्ययक बुकिंग से बचने की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। पांच किलोग्राम के सिलेण्डर नजदीकी एलपीजी वितरकों के यहां उपलब्ध हैं और वैध पहचान पत्र दिखाकर इन्हें खरीदे जा सकता है। मंत्रालय ने कहा कि पांच किलोग्राम के सिलेंडर खरीदने के लिए किसी पते के प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय ने लोगों को पीएनजी, बिजली से चलने वाले इंडक्शन और कुक टॉप जैसे वैकल्पिक साधनों के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया है। पिछले एक महीने में साढे तीन लाख पीएनजी कनेक्शन जोड़े गए हैं और तीन लाख अस्सी हजार से अधिक ग्राहकों ने नए पंजीकरण कराए हैं। मंत्रालय ने कहा कि सभी तेल रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भण्डार के साथ पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

...............................................................

भाजपा बैठक

भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक कल जबकि प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 7 अप्रैल को मंडी में होगी। इस बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी चुनाव रणनीति और जनसंघर्ष की रूपरेखा तैयार की जाएगी। पार्टी के उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न आयामों पर विचार विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर भी चर्चा की जाएगी।

...............................................................

स्थापना दिवस

शिमला स्थित लोकभवन में कल राजस्थान, ओड़िशा और बिहार राज्य का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। ये कार्यक्रम ''एक भारत–श्रेष्ठ भारत'' पहल के तहत आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य राज्यों के बीच सांस्कृतिक एकता व भावनात्मक जुड़ाव को प्रोत्साहित करना है। अपने संबोधन में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी सौहार्द और भाई–चारे

की भावना को बल मिलता है, जिससे राष्ट्र की सामाजिक संरचना और सुदृढ़ होती है। इस अवसर पर राज्यपाल ने लोकभवन शिमला को सप्ताह में दो दिन आम जनता के लिए खोलने की घोषणा भी की।

..........................................................

एचपीवी–वैक्सीन

केंद्र सरकार द्वारा देश की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस, एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसके तहत 9 से 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए यह टीका सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम के तहत किन्नौर जिला में टीकाकरण 5 अप्रैल, 12 अप्रैल, 10 और 24 मई यह टीका लगाया जाएगा। जिले के आज 13 स्वास्थ्य संस्थानों में टीकाकरण किया जाएगा। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददता.......

*जिला इम्यूनाइजेशन अधिकारी डॉ. अश्वनी नेगी ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की अपनी बेटियों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस यानी एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं। यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बेहद प्रभावी मानी जाती है। सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है, जिससे समय रहते बचाव बेहद जरूरी है। डॉ. नेगी ने बताया कि यह वैक्सीन पूरे देश और हिमाचल प्रदेश की तरह जिला किन्नौर में भी पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। हाल ही में 29 मार्च को आयोजित टीकाकरण अभियान के दौरान जिले में 63 किशोरियों को सफलतापूर्वक वैक्सीन दी गई, और राहत की बात यह रही कि किसी भी प्रकार का दुष्प्रभाव देखने को नहीं मिला। सभी किशोरियां पूरी तरह स्वस्थ हैं। उन्होंने जानकारी दी कि यह वैक्सीन जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध है। कल्पा ब्लॉक में क्षेत्रीय अस्पताल रिकांग पिओ, सीएचसी सांगला और च्भ्ब किल्बा में, पूह ब्लॉक में ब्भ्ब पूह, च्भ्ब ज्ञाबुंग, स्पिलो, मूरंग और रिब्बा में, जबकि निचार ब्लॉक में ब्भ्ब निचार, भावानगर, कटगांव, उरनी और टापरी जैसे स्वास्थ्य केंद्रों में यह सुविधा दी जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और स्वास्थ्य विभाग पर भरोसा रखें।अंत में उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को समय पर टीकाकरण करवाएं, ताकि उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। आकाशवाणी के लिए किन्नौर से सुमेश नेगी*

..........................................................

ईस्टर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तथा उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने ईस्टर के अवसर पर देशवासियों विशेषकर इसाई समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में, उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रभु यीशु मसीह का पुनरुत्थान लोगों को सत्य, प्रेम, करुणा, त्याग और क्षमा के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यीशु मसीह का जीवन और शिक्षाएं प्रेम, त्याग, क्षमा और सेवा जैसे शाश्वत मूल्यों को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि ये पवित्र अवसर लोगों को सत्य का पालन करने, विनम्रता अपनाने और सभी के कल्याण के लिए मिलकर काम करने के लिए प्रेरित करता है।

..........................................................

मौसम

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान ऊँचाई वाले इलाकों में हिमपात व अन्य स्थानों पर वर्षा हुई है। कुल्लू, लाहौल स्पिति, किन्नौर और चंबा जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा हिमपात दर्ज किया गया है। लाहौल में बर्फबारी के बीच शूलिंग गांव के पास फंसे पर्यटकों को सुरक्षित निकालकर नजदीकी होमस्टे और होटलों में ठहराया गया है। चंबा जिले में चंबा–पांगी वाया साच–पास मार्ग सहित चंबा–सलूनी मुख्य मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद है। जिले में 50 विद्युत ट्रांसफार्मर भी बंद पड़े हैं। जिला प्रशासन ने खराब मौसम व आगामी दिनों में मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए लोगों से एहतिहात बरतने की अपील की है। इधर राजधानी शिमला सहित अन्य जिलों में भी शनिवार रात वर्षा और ओलावृष्टि का क्रम रूक–रूक कर जारी रहा। मौसम विभाग ने 6 अप्रैल तक कुछ स्थानों पर व्यापक वर्षा की संभावना जताई है।

..............................................................

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–चेस्टर हिल मामले में बेनामी संपत्ति की होगी जांच। हिमाचल दस्तक का शीर्षक है–चेस्टर हिल की जमीन को अपने अधीन लेगी सरकार– प्रदेश सरकार ने दिया मुख्य सचिव को झटका, कार्रवाई रोकने के आदेश निरस्त।

हिमाचल में सड़क निर्माण पर पड़ा पश्चिमी एशिया के युद्ध का असर दैनिक जागरण की एक खबर है।

दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–51 शहरी निकायों का आरक्षण रोस्टर जारी–चार नगर निगम, 21 नगर पंचायतों और 26 नगर परिषदों का रोस्टर जारी।

हिमाचल में एंट्री टैक्स को लेकर पंजाब ने दी एंटी रेसिप्रोकल टैक्स की चेतावनी शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है–प्रदर्शनकारियों को दिया सोमवार को वित्त मंत्री से बैठक का भरोसा, सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी।

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है– इस हफ्ते बारिश, तुफान और ओलावृष्टि फल व सब्जियों का कर सकते हैं नुकसान– प्रदेश में बर्फबारी और आरिश से 5 डिग्री तक गिरा पारा।

..............................................................

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- कांगड़ा जिले में नया दुग्ध संयंत्र स्थापित करेगी सरकार–चार जिलों के पशुपालकों को होगा लाभ।
- कुल्लू जिला में पर्यटक वाहन दुर्घटना में 4 व्यक्तियों की मृत्यु और 19 अन्य घायल।
- राष्ट्रपति तथा उप–राष्ट्रपति ने देशवासियों को ईस्टर पर दी शुभकामनायें ।

- केंद्र सरकार द्वारा क्रियान्वित एच.पी.वी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को लगाया जा रहा सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका।

..................................................................